सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 01.01.2025

मात्र 12 घण्टे में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 03 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी की गयी 01 मोटरसाइकिल बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सैफई पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 31.12.2024 को वादी तरुण यादव पुत्र कमलेश यादव द्वारा थाना सैफई पर तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 30.12.2024 को ड्यूटी हेतु यू0पी0यू0एम0एस0 सैफई आया था, मैंने अपनी मोटर साइकिल हास्पिटल की स्टाफ पार्किंग में पार्क की थी जब मैं दोपहर 2.50 बजे पार्किंग में पहुँचा तो मेरी मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। सूचना पर तत्काल थाना सैफई पर **मु0अ0सं0 260/2024 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 01.01.2025 को थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि हास्पिटल की स्टाफ पार्किंग में हुई चोरी मोटरसाइकिल से सम्बन्धित अभियुक्तगण चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में किसान मार्केट के पास खडे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों को **किसान मार्केट घन्टा घर के सामने समाधी स्थल के पास से समय 05.40 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया।**

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सैफई पर पंजीकृत मु0अ0सं0 260/2024 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1. शिवप्रताप उर्फ भानू पुत्र सतीश चन्द्र निवासी मोहल्ला बाग वृन्दावन गठिया रोड जनपद मैनपुरी **उम्र 28 वर्ष**।
2. अरूण कुमार उर्फ डेनी पुत्र पवन कुमार वासी मोहल्ला वृन्दावन गडिया रोड थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र 18 वर्ष**।
3. अनुज यादव उर्फ ईशू पुत्र राधेश्याम निवासी मोहल्ला वृन्दावन बाग गडिया रोड थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र 18 वर्ष**।

पंजीकृत अभियोग

1. मु0अ0सं0 260/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा।

बरामदगी

1. 01 स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल **(UP 74 AE 5723)**

पुलिस टीमः- निरीक्षक श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई जनपद इटावा, उ0नि0 ललित कुमार, उ0नि0 श्याम बिहारी, हे0 का0 लुकमान खा, का0 छोटे लाल, का0 वीकेश कुमार, का0 पुष्पेन्द्र सिंह का0 चालक हिमांशू।